INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Study material
Question bank and Grammar	Topic: 1 – हमारी धरती	Note: Please complete your work.

प्रश्नोतर

1. वसुधा कैसी है?
उत्तर = वसुधा हरी-भरी है|

2. पर्वत कैसे हैं?
उत्तर = पर्वत बर्फ़ से ढके हुए हैं|

3. नदियाँ व झरने कैसे बह रहे हैं?
उत्तर = नदियाँ व झरने ‘कल-कल’ के स्वर में गाना गाते हुए बह रहे हैं|

4. सागर की उत्ताल तरंगे किसके पैर पखार रही हैं?
उत्तर = सागर की उत्ताल तरंगे धरती के पैर पखार रही हैं

5. ‘कोयल कूक रही है वन में’ यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?
उत्तर = ‘कोयल कूक रही है वन में’ यह पंक्ति ‘हमारी धरती’ कविता से ली गई है|

6. पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए क्या करना चाहिए?
उत्तर = पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पेड़ों को कटने से बचाना चाहिए|

7. धरती पर अधिक से अधिक पेड़ होने पर क्या लाभ होगा?
उत्तर = वातावरण शुद्ध होगा, पर्यावरण संतुलित होगा, धरती हरी-भरी रहेगी, कोयल के मीठे स्वर सुनाई देंगे, अन्य पशु-पक्षियों को भी रहने की जगह मिलेगी|

8. बर्फ़ से ढके पहाड़ कैसे दिखते हैं?
उत्तर = बर्फ़ से ढके पहाड़ बहुत सुंदर दिखते है| सूरज की किरणें पड़ने पर वे और चमकते हैं| ऐसा लगता है कि मानो वे गर्व से सीना तान कर आकाश को छूना चाहते हो|

मूल्यपरक प्रश्न-

- अपनी सुंदर प्रकृति को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

उत्तर= पेड़-पौधे, नदी-झरने, वन-पहाड़, सागर - ये सब मिलकर ही प्रकृति को सुंदरता प्रदान करते हैं इनके संरक्षण के लिए अधिक से अधिक प्रयास करके ही हम अपनी सुंदर प्रकृति को बचा सकते हैं|

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option - (Text Book)*

क. हरी-भरी वसुधा के ऊपर किसने छाता ताना है?

नील गगन ने　　काले गगन ने　　लाल गगन ने　　सफ़ेद गगन ने

ख. नदियाँ व झरने गाना गाते हुए कैसे बह रहे हैं?

कल-कल　　खल-खल　　कल-खल　　कुल-कुल

ग. वन में कोयल क्या कर रही है?

कूक रही है|　　उड़ रही है|　　नाच रही है|　　सो रही है|

Ans.= क. नील गगन ने　　ख. कल-कल　　ग. कूक रही है|

व्याकरण **(Grammar) (Note Book)**

1. पर्यायवाची शब्द लिखिए|

गगन	--	व्योम, नभ	नदी	--	सरिता, तटिनी
पेड़	--	वृक्ष, विटप	पर्वत	--	नग, अचल
घर	--	सदन, गृह	माँ	--	माता, जननी
देश	--	वतन, राष्ट्र	बेटी	--	सुता, पुत्री
धरती	--	धरा, पृथ्वी	औरत	--	महिला, नारी

2. हिंदी / अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए | *Write the Hindi / English meaning -*

गगन	-	Sky	Fragrance	-	सुगंध
तितली	-	Butterfly	Cool	-	ठंडा
नदी	-	River	Forest	-	जंगल
पर्यावरण	-	Environment	Sea	-	सागर
धरती	-	Earth	Mountain	-	पर्वत

3. वाक्य बनाइए|

गगन - पक्षी गगन में उड़ रहे हैं|

नदी - मोहन नदी में तैर रहा है|

पर्वत - पर्वत की चढ़ाई कठिन है|

सागर - गीत सागर में मछली पकड़ने गया|

4. दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए :-

सुंदर	=	सुंदरता	शीतल	=	शीतलता
सफल	=	सफलता	वीर	=	वीरता
मनुष्य	=	मनुष्यता	मित्र	=	मित्रता
बच्चा	=	बचपन	शत्रु	=	शत्रुता
ऊँचा	=	ऊँचाई	लंबा	=	लंबाई

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺